## एक नजर में

### बीजेपी नगर अध्यक्ष अस्पताल में भर्ती



**इंदौर.** शहर भाजपा अध्यक्ष सुमित मिश्रा को हार्ट की प्राब्लम निकली है. बुधवार रात उनको सीने में दर्द की तकलीफ हुई थी. तत्काल शहर के विशेष जुपिटर हॉस्पिटल ले जाया गया. आज सुबह उनकी एंजियोग्राफी हुई, जिसकी रिपोर्ट में मल्टीपल ब्लाकेज निकले हैं. इसके बाद उनके इलाज के लिए दिल्ली एस्कॉर्ट हॉस्पिटल से संपर्क किया गया. शुक्रवार मिश्रा को सुबह परिजनों के साथ दिल्ली भेजा जाएगा. एस्कॉर्ट हॉस्पिटल में हल्की हार्ट सर्जरी होगी.

### इंदौर वनमंडल में आज से होगी गिद्धों की गणना

**इंदौर.** वनमंडल इंदौर में ग्रीष्मकालीन गिद्ध गणना कल 22 से 24 मई तक की जाएगी. इस दौरान वन विभाग द्वारा जिले सहित प्रदेशभर में गिद्धों की संख्या और प्रजातियों का आकलन किया जाएगा. वन विभाग के अनुसार, यह गणना तकनीकी प्रक्रिया के तहत की जाती है, जिसमें विभिन्न प्रजातियों की पहचान कर उनकी संख्या दर्ज की जाती है. तीन दिन तक चलने वाली इस गणना से पहले अधिकारियों और कर्मचारियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है. डीएफओ लाल सुधाकर सिंह ने बताया कि 14 मई को वन्य अधिकारियों को ऑनलाइन प्रशिक्षण दिया, जिसके बाद 15 से 18 मई तक उन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में अधीनस्थ स्टाफ को प्रशिक्षित किया. गणना के दौरान वन विभाग की टीमें तय स्थानों पर पहुंचकर गिद्धों की मौजूदगी, उनकी गतिविधियों और संख्या का रिकॉर्ड तैयार करेंगी. इस अभियान से गिद्धों के संरक्षण और उनकी घटती संख्या पर निगरानी रखने में मदद मिलेगी.

### अहंकार मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु



**इंदौर.** हमारी जितनी कामनाएं बढेंगी, उतना ही दुख भी बढ़ेगा. सुख और दु:ख जीवन के क्रम हैं जिनसे कोई भी बच नहीं सकता. संसार को दुखों का महासागर कहा गया है. भगवान की सभी लीलाएँ समाज के लिए कल्याणकारी होती हैं. इन लीलाओं में अनेक गूढ़ सन्देश छिपे हुए हैं जिन्हें समझने के लिए अंतर्मन की दृष्टि चाहिए. अहंकार ही मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु है और उससे बचना ही सबसे बड़ी चुनौती है. भागवताचार्य पं. पुष्पानंदन पवन तिवारी ने सप्तऋषि भागवत मंडल के तत्वावधान में पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में गुरुवार की शाम को खजराना गणेश मंदिर स्थित सत्संग सभागृह में चल रहे भागवत ज्ञान यज्ञ में गोवर्धन पूजा एवं 56 भोग तथा भगवान की बाल लीलाओं जैसे प्रसंगों की व्याख्या के दौरान उक्त दिव्य विचार व्यक्त किए. कथा में गोवर्धन पूजा का उत्सव धूमधाम से मनाया गया. कथा शुभारम्भ के पूर्व मनोरथी समूह की ओर से अशोक-आरती खंडेलवाल, हितेंद्र-वन्दना ग्रोवर, आशीष-खनक शर्मा एवं स्वप्न-स्वाति खंडेलवाल आदि ने व्यास पीठ का पूजन किया. विद्वान वक्ता की अगवानी महेंद्र-दिव्या मानधन्या, रामचंद्र-उषा पितलिया एवं लक्ष्मण-चंद्रकांता कानूनगो ने की। कथा प्रतिदिन दोपहर 3.30 से शाम 7 बजे तक हो रही है. सप्त ऋषि भागवत मंडल के अशोक खंडेलवाल ने बताया कि कथा में शुक्रवार 22 मई को रुक्मणी विवाह का उत्सव मनाया जाएगा.

### हरिधाम पर हनुमत महायज्ञ का शुभारंभ आज



**इंदौर.** हवा बंगला, कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर पंचकुंडीय श्रीहनुमत महायज्ञ, श्रीराम कथा एवं विशाल भंडारे के दिव्य अनुष्ठान का शुभारंभ शुक्रवार को अपरान्ह 4 बजे फूटी कोठी स्थित पुखराज पैलेस से हरिधाम तक भव्य कलश यात्रा के साथ होगा. गुरुवार को गुरु पुष्य नक्षत्र में अतिरिक्त कलेक्टर गोपाल वर्मा, एसीपी निधि सक्सेना एवं डीसीपी ज़ोन 4 सुनील मेहता ने अतिथि के रूप में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच आश्रम के महंत शुकदेवदास महाराज के सनिध्य में इंद्र ध्वजा का पूजन कर जवारे रोपण की विधि सम्पन्न की. आश्रम परिवार के प्रमुख डॉ. सुरेश चोपड़ा, सुधीर अग्रवाल एवं संतोष सिंह ने बताया कि हनुमत महायज्ञ के लिए करीब 2 हजार वर्गफीट मैदान में यज्ञशाला का निर्माण सम्पन्न हो चुका है. गुरुवार को अतिथियों ने यज्ञशाला में इंद्र ध्वजा का पूजन किया. अतिथियों का स्वागत ओमप्रकाश अग्रवाल, विजय सिंह राणा एवं संजय अग्रवाल ने किया. हरिधाम पर पहली बार 51 विद्वान हनुमत महायज्ञ जैसा दिव्य अनुष्ठान करेंगे।यहाँ 22 से 29 मई तक प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 2 बजे तक पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आहुतियाँ समर्पित की जाएंगी. महायज्ञ में शामिल होने वाले यजमानों को महायज्ञ में सिद्ध और अभिमंत्रित किए गए श्रीयंत्र भी भेंट किए जाएंगे ।

### चार अनुयोगों के माध्यम से कर सकते हैं आत्मकल्याण



**इंदौर.** उदय नगर जैन मंदिर के प्रांगण में मुनि विमल सागर महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि हमारा जैनागम (शास्त्र) चार अनुयोगों में बटा हुआ है।हम किसी भी एक योग को गोण नहीं कर सकते. जैन दर्शन के अनुसार चारों अनुयोगों के माध्यम से ही जीव अपना जीवन सुधार कर आत्म कल्याण और मोक्ष की प्राप्ति कर सकता है. दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के प्रचार प्रमुख सतीश जैन ने बताया कि लव कुश विद्या विहार स्कूल में सर्वांगीण विकास के लिए चल रहे शिविर में 600 बच्चों ने भाग लिया. सभी को पुरस्कार दिए गए. आज की धर्म सभा में दिगंबर जैन समाज सामाजिक संसद के पदाधिकारी पहुंचे. समाज के अध्यक्ष विनय बाकलीवाल ने कहा कि संत शिरोमणि आचार्य विद्यासागर से दीक्षित आर्यिका उपशम मति माताजी एवं आर्यिका श्रुत मति माताजी का दुर्घटना में असामायिक समाधि मरण होने से भारतवर्ष का संपूर्ण जैन समाज अत्यंत दुखी एवं आहत है. इस शिविर में सामाजिक संसद द्वारा सहयोग करने पर उनके पदाधिकारियों विनय बाकलीवाल, डी के जैन, जेनेश झांझरी, पिंकेश टोंग्या, सतीश जैन, सुदीप जैन, पवन पाटोदी का सम्मान ट्रस्ट के अध्यक्ष पी सी जैन, सचिन जैन (उद्योगपति), संतोष जैन सर, राकेश जैन पम्पु, मनीष नायक, अशोक जैन, जितेंद्र जैन सीए, अतुल जैन (थाला वाले), सचिन कोल आदि ने किया. संचालन भरत जैन ने किया. आभार संदीप जैन ने माना.

### एमपीपीएससी परीक्षा नियम 2026- 5 जून तक मांगे गए सुझाव

**इंदौर।** राज्य शासन ने मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग की भर्ती परीक्षाओं के संचालन के लिए नए नियमों का प्रारूप तैयार किया है।इन प्रस्तावित नियमों को लागू करने से पहले शासन ने आम नागरिकों, संस्थाओं और संबंधित हितधारकों से सुझाव एवं आपत्तियां आमंत्रित की हैं. सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव अजय कटेसरिया ने बताया कि राज्य शासन द्वारा मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग परीक्षा नियम 2026 अधिसूचित किया जाना प्रस्तावित है. प्रस्तावित नियमों का प्रारूप विभाग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध कराया गया है।इच्छुक व्यक्ति 5 जून 2026 तक अपने सुझाव एवं आपत्तियां लिखित रूप में ई-मेल पर भेज सकते हैं. इसके अलावा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से भी सुझाव ऑनलाइन भेजे जा सकते हैं।शासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समय-सीमा के बाद प्राप्त सुझावों पर विचार नहीं किया जाएगा।

# अवैध रिक्शा पार्किंग से बिगड़ रहा यातायात




नवभारत न्यूज

**इंदौर. शहर में एक ओर नगर निगम और ट्रैफिक विभाग यातायात व्यवस्था सुधारने के प्रयासों में जुटे हैं, वहीं दूसरी ओर शहर की प्रमुख सड़कों और चौराहों पर अवैध रूप से खड़े रिक्शों का कब्जा लगातार बढ़ता जा रहा है. सड़क पर रिक्शा चलाने से लेकर मनमाने तरीके से पार्किंग करने तक, रिक्शा चालकों की दादागिरी आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गई है.**

शहर के प्रमुख इलाकों- चाहे राजवाड़ा हो या अन्य व्यस्त चौराहे- लगभग हर जगह सड़कों पर रिक्शों की अवैध पार्किंग देखने को मिल रही है. स्थिति यह है कि ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम दोनों ही इन अतिक्रमणों को हटाने में अब तक प्रभावी कार्रवाई नहीं कर पाए हैं. सबसे गंभीर स्थिति माता से सदर बाजार जाने वाली सड़क पर देखने को मिल रही है. सदर बाजार थाना के ठीक सामने सड़क पर सैकड़ों वाहन अवैध रूप से खड़े रहते हैं, जिनमें सबसे अधिक संख्या रिक्शों की है. रिक्शों की लंबी कतारों के कारण सड़क संकरी हो गई है और फुटपाथ तक दिखाई नहीं देता, जिससे पैदल चलने वालों को मजबूरन सड़क पर चलना पड़ता है.

**कई बार हो चुकी दुर्घटनाएं:** स्थानीय लोगों के अनुसार, इस अव्यवस्था के कारण यहां कई बार दुर्घटनाएं और अप्रिय घटनाएं हो चुकी हैं. बावजूद इसके, अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है. लोगों का कहना है कि ऐसा प्रतीत होता है मानो नगर निगम और ट्रैफिक विभाग किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहे हों.

> **अभियान चलाकर होगी कार्रवाई**
>
> इस मामले में नगर निगम और यातायात व्यवस्था संभाल रहे उपायुक्त अभय राजनगावकर ने कहा है कि जल्द ही अवैध रूप से खड़े रिक्शों और अन्य वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाएगी.

# नगर निगम अधिकारी ने जहर खाया, आईसीयू में भर्ती

- परिजनों ने कार्रवाई पर उठाए सवाल



नव भारत न्यूज

**इंदौर. नगर निगम के एक अधिकारी ने कथित रूप से जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसके बाद उन्हें गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया है. घटना के बाद विभागीय कार्रवाई को लेकर परिजनों ने सवाल उठाए हैं.**

जानकारी के अनुसार सहायक सीएसआई महेंद्र सिंह चौहान को खजराना चौराहा स्थित नोबल अस्पताल में भर्ती कराया है, जहां उनका आईसीयू में उपचार चल रहा है. परिजनों का आरोप है कि क्षेत्र में गंदगी मिलने के मामले में उनके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की गई थी, लेकिन इस दौरान उन्हें अपना पक्ष रखने का पर्याप्त मौका नहीं दिया. परिवार के सदस्यों ने नव भारत को बताया कि कार्रवाई के बाद से ही वे मानसिक तनाव में थे. फिलहाल डॉक्टरों की निगरानी में उनका इलाज जारी है. मामले को लेकर पुलिस और संबंधित विभाग द्वारा जानकारी जुटाई जा रही है.

# टेंट में फैले करंट से 13 वर्षीय छात्रा की मौत



इंदौर. राजेंद्र नगर थाना क्षेत्र में टेंट में फैले करंट की चपेट में आने से 13 साल की छात्रा की मौत हो गई. पुलिस जांच में बिजली कनेक्शन में लापरवाही सामने आने के बाद तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है.

सुखनिवास क्षेत्र में रहने वाली 13 वर्षीय मान्या भाटी की मौत एक धार्मिक कार्यक्रम स्थल पर लगे टेंट में फैले करंट से हुई थी, जांच में सामने आया कि टेंट में बिजली कनेक्शन बेहद लापरवाही से लगाया था. पुलिस जांच में यह भी पता चला कि कार्यक्रम में पुराने और कटे-फटे तारों का इस्तेमाल किया गया था. इन्हीं तारों के कारण करंट टेंट के पाइप में फैल गया और मान्या उसकी चपेट में आ गई. घटना के बाद परिजनों ने पुलिस को बताया कि इलाके में भजन संध्या और माता पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें खुले तारों का उपयोग किया जा रहा था. कुछ लोगों ने आरोपियों को तार जोड़ने के तरीके पर टोका भी था, लेकिन उन्होंने कोई सावधानी नहीं बरती. घटना के समय मान्या अपने छोटे भाई और अन्य बच्चों के साथ खेल रही थी. इसी दौरान उसे करंट लगा और वह गिर गई. उसके छोटे भाई ने घर जाकर मां को सूचना दी. परिजन तत्काल उसे अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया. पुलिस ने मामले में सुभाष सोनाने, श्रवण परमार और विनोद राठौर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है. पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा.

# राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने श्रद्धासुमन किए अर्पित

- संविधान बचाने की ली शपथ



नव भारत न्यूज

**इंदौर. पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आज कांग्रेसियों ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की. इस दौरान कांग्रेसियों ने उन्हें आधुनिक भारत का निर्माता और संचार क्रांति का जनक बताया.**

पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी की आज पुण्यतिथि को कांग्रेस ने बलिदान दिवस के रूप में मनाया. आज सुबह कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे और नगर कार्यकारिणी पदाधिकारी और कार्यकर्ता ने रिंग रोड स्थित प्रतिमा स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए. इस दौरान शहर अध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि राजीव गांधी का सपना था कि देश में बेरोजगारी खत्म हो. भारत धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र बने. देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था बनाए रखना चाहते थे. आज भाजपा देश में संविधान को खत्म करने की योजना बना रही है. राजीव गांधी आधुनिक भारत के निर्माता और संचार क्रांति के जनक है. आज उपस्थित सभी कांग्रेस जन ने लोकतंत्र को बचाने और संविधान की रक्षा करने के लिए सत्य निष्ठा से देश हित में कार्य करने की शपथ ली. इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रवेश यादव, अभिजीत शर्मा बिट्टू, प्रवक्ता दीपू चौहान, निर्मल मलेरिया रानू, इंटक के लक्ष्मीनारायण पाठक, मिन्ना भाटिया सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे.

# जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट में प्लाट विक्रय करने पर नहीं लगा सकते जीएसटी

- मध्य प्रदेश टैक्स कंसलटेंट एसोसिएशन द्वारा सेमिनार का आयोजन



**इंदौर. मध्य प्रदेश टैक्स कंसलटेंट एसोसिएशन द्वारा आयोजित सेमिनार में जीएसटी एवं जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट से जुड़े मामलों पर विस्तृत चर्चा की गई.**

कार्यक्रम में मुख्य वक्ता सीए नवीन खण्डेलवाल ने कहा कि वर्तमान समय में रियल एस्टेट सेक्टर में भूमि स्वामी और डेवलपर के बीच विभिन्न प्रकार मॉडल अपनाते हुए प्रोजेक्ट विकसित किए जा रहे हैं, जिनमें टैक्स संबंधी प्रावधानों को समझना अत्यंत आवश्यक है. उदाहरण के लिए जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट के एक मॉडल में भूमि का स्वामित्व भूमि स्वामी के पास ही रहता है, जबकि डेवलपर को प्रोजेक्ट विकसित करने का अधिकार दिया जाता है. इसके बदले भूमि स्वामी को प्लाट, तैयार फ्लैट, दुकानें या निर्मित क्षेत्र का हिस्सा प्राप्त होता है. इसमें भूमि की बिक्री पर जीएसटी नहीं लगता, लेकिन निर्माणाधीन फ्लैट, दुकान या अन्य यूनिट्स की बिक्री पर जीएसटी लागू होता है. उन्होंने कहा कि किसी भी जॉइंट डेवलपमेंट एग्रीमेंट में यदि कोई व्यक्ति किसी कॉलोनी में निर्माणाधीन कॉलोनी में भी प्लाट का विक्रय करता है तो उस पर जीएसटी नहीं लगाया जा सकता क्योंकि प्लाट चाहे डेवलप्ड हो या अनडेवलप्ड वह रहता भूमि ही है और जीएसटी में भूमि के विक्रय पर कोई टैक्स नहीं लगाया जा सकता. उन्होंने कहा कि जेडीए में भूमि पर किया गया डेवलपमेंट भी अंतत: भूमि का ही हिस्सा माना जाएगा।इस संबंध में केंद्र सरकार द्वारा अगस्त 2022 में जारी सर्कुलर का भी उल्लेख किया गया.

> **अंतरिम राहत प्रदान की**
>
> सीनियर एडवोकेट सीए सुमित नेमा ने बताया कि मुंबई हाई कोर्ट एवं गुजरात हाई कोर्ट ने प्लॉटिंग से संबंधित जेडीए प्रोजेक्ट्स में प्रथम दृष्टया यह माना है कि डेवलपर एवं भूमि स्वामी के मध्य कोई सप्लाई नहीं होती, जिसके आधार पर टैक्सपेयर्स एवं डेवलपर्स को अंतरिम राहत प्रदान की गई है. उन्होंने बताया कि हाल ही में इंदौर बेंच ने भी 13 मई को दो याचिकाओं में राहत प्रदान की है, जिनमें भूमि पर किसी भी रूप में जीएसटी लगाने की संवैधानिक वैधता को चुनौती दी गई थी. सीए कीर्ति जोशी ने कार्यक्रम का संचालन किया. उन्होंने कहा की रियल एस्टेट प्रोजेक्ट्स में सही मॉडल का चयन अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि प्रत्येक मॉडल में आयकर, जीएसटी, स्टाम्प ड्यूटी तथा नियंत्रण संबंधी अलग-अलग प्रभाव होते हैं.



# कांग्रेस किसानों के साथ, अन्याय नहीं होने देंगे : अजय सिंह

- धतुरिया में किसानों के बीच पहुंचे पूर्व नेता प्रतिपक्ष
- रेलवे लाइन और आउटर रिंग रोड परियोजनाओं से प्रभावित किसानों की समस्याएं सुनीं

**इंदौर. इंदौर बुधनी रेलवे लाइन और आउटर रिंग रोड परियोजनाओं से प्रभावित किसानों के बीच गुरुवार को पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह पहुंचे. उन्होंने किसानों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और भरोसा दिलाया कि कांग्रेस पार्टी उनके साथ खड़ी है और किसी भी हाल में उनके साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा.**

सांवेर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम धतुरिया में आयोजित बैठक में बड़ी संख्या में प्रभावित किसान पहुंचे. प्रतिनिधि मंडल ने कांग्रेस नेता को भूमि अधिग्रहण, मुआवजा और भेदभाव से जुड़ी समस्याओं से अवगत कराया. किसानों का आरोप था कि प्रदेश सरकार उनके साथ भेदभाव कर रही है और उचित मुआवजा नहीं दे रही. किसानों को संबोधित करते हुए अजय सिंह ने कहा कि पार्टी उनकी लड़ाई मजबूती से लड़ेगी और सरकार को किसानों के हित में निर्णय लेने के लिए मजबूर किया जाएगा.

उन्होंने कहा कि केंद्र में यूपीए सरकार के समय लाए गए कानून के अनुसार किसानों को बाजार मूल्य से चार गुना तक मुआवजा मिलना चाहिए, इसी आधार पर उन्हें उनका हक दिलाया जाएगा. किसान नेता हंसराज मंडलोई ने कहा कि जो उनकी बात करेगा, किसान भी उसी का साथ देंगे. उन्होंने बताया कि प्रभावित किसानों का प्रतिनिधि मंडल वरिष्ठ कांग्रेस नेता रतन सिंह सांखला के निवास पर एकत्रित हुआ था, जहां सभी ने अपनी समस्याएं विस्तार से रखीं. बैठक में जिलेभर से आए किसानों ने एक स्वर में मुआवजे और भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया में पारदर्शिता की मांग की. किसान नेताओं का कहना है कि जब तक उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, वे आंदोलन तेज करेंगे.

# हाईकोर्ट में क्लर्क की नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी

- गिरोह की महिला साथी भी गिरफ्तार




**इंदौर.** हाईकोर्ट में क्लर्क की नौकरी दिलाने का झांसा देकर बेरोजगारों से ठगी करने वाले गिरोह पर तुकोगंज पुलिस ने शिकंजा कस दिया है. मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी के बाद अब उसकी महिला सहयोगी को भी पुलिस ने दबोच लिया है.

थाना प्रभारी जितेन्द्र चौहान ने बताया कि आरोपी खुद को हाईकोर्ट का कर्मचारी बताकर युवाओं को नौकरी दिलाने का लालच देते थे और फर्जी नियुक्ति पत्र व सील तैयार कर उनसे रकम वसूलते थे. मामले में स्वाति बाथम की शिकायत पर 29 अप्रैल को प्रकरण दर्ज किया था, जिसमें लक्ष्मण मेहरा ने सहायक क्लर्क की नौकरी दिलाने के नाम पर 25 हजार रुपए लेकर फर्जी जॉइनिंग लेटर दिया था. इस मामले में पुलिस पहले ही मुख्य आरोपी लक्ष्मण मेहरा को गिरफ्तार कर चुकी है. आरोपी से पूछताछ और विस्तृत जांच में उसकी महिला सहयोगी रिंकू चौहान उम्र 32 साल निवासी कुलकर्णी नगर का नाम सामने आया, जिसे अब गिरफ्तार कर लिया है. जांच में खुलासा हुआ है कि रिंकू चौहान इस पूरे ठगी नेटवर्क में बराबर की भागीदार थी और लोगों को झांसे में लेने से लेकर पैसों के लेनदेन तक में सक्रिय भूमिका निभा रही थी. दोनों आरोपी मिलकर बेरोजगार युवाओं को अपना शिकार बनाते थे और फर्जी दस्तावेज थमाकर मोटी रकम ऐंठते थे. पुलिस अब दोनों आरोपियों से पूछताछ कर यह पता लगाने में जुटी है कि गिरोह ने अब तक कितने लोगों को ठगा है और इसमें अन्य कौन-कौन शामिल हैं. मामले में और गिरफ्तारियां होने की संभावना जताई जा रही है.

## एक नजर में

### अभ्यास मंडल की ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला में मेजर जनरल डॉ. माधुरी कानिटकर ने किया संबोधित

# महिलाओं के हाथ में अर्थव्यवस्था दें तो भारत की जीडीपी उछाल मारेगी




नवभारत न्यूज

**इंदौर. देश में महिला आरक्षण लागू होने से पहले महिलाओं को इस व्यवस्था के लिए तैयार करना समाज की जिम्मेदारी है. यदि हमारे देश में हम महिलाओं के हाथ में अर्थव्यवस्था दें तो भारत की जीडीपी उछाल मारेगी.**

यह बात मेजर जनरल डॉ माधुरी कानिटकर ने कही. वे आज यहां अभ्यास मंडल की 66 वीं ग्रीष्मकालीन व्याख्यान माला के समापन व्याख्यान को संबोधित कर रही थी. उनके व्याख्यान का विषय था विकसित भारत और नारी नेतृत्व, उन्होंने कहा कि हम नारी नेतृत्व की बात कर रहे हैं तो इसकी शुरुआत में लोकमाता देवी अहिल्याबाई की चर्चा से करना ही उचित होगा. हमारे देश में विश्व की सबसे ज्यादा आबादी है. ऐसे में तरक्की की राह पर देश को आगे बढ़ाना आसान काम नहीं है. नारी नेतृत्व की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि क्या हम घर में पूरा फैसला लेने का अधिकार अपने घर की महिला को दे रहे हैं? आज हमें यह सोचना होगा कि अलग-अलग क्षेत्र में लीडरशिप के स्थान पर महिला क्यों नहीं है? लोकसभा में नारी वंदन अधिनियम मंजूर हो गया है। इससे यह स्पष्ट है कि महिलाओं को संसद और विधानसभा में आरक्षण और अधिकार मिलेगा. अब ऐसे में यह समाज की जिम्मेदारी है कि महिलाओं को उसके लिए तैयार करें. इसके लिए हर घर में महिला की तरक्की जरूरी है। अवसर बहुत है. इस कार्यक्रम की अध्यक्षता इंदौर के सांसद शंकर लालवानी ने की. कार्यक्रम के प्रारंभ में वक्ता का परिचय ग्रीष्मा त्रिवेदी ने दिया. संचालन पल्लवी अढाव ने किया. अतिथि का स्वागत माला सिंह ठाकुर, विनय जैन, पुरुषोत्तम बागमारे, निधि श्रीवास और हर्ष चंदरिया ने किया. आभार प्रदर्शन अभ्यास मंडल के अध्यक्ष रामेश्वर गुप्ता ने किया.

> **रोल मॉडल बनती है महिला**
>
> उन्होंने कहा कि यदि एक महिला आगे आती है तो वह रोल मॉडल बनती है। वह बहुत से लोगों को अपने साथ लेकर चलती है. केरल एक ऐसा राज्य है जहां पर लड़कियां नेतृत्व कर रही हैं. पूरे देश में ऐसा कोई अस्पताल नहीं होगा जिसके इंटेंसिव केयर यूनिट में केरल की लड़की हेड नहीं होगी. आज हमारे देश में समस्या यह है की नौकरी तो सभी को सरकारी चाहिए लेकिन स्कूल और अस्पताल प्राइवेट चाहिए. जब महिला को नेतृत्व मिलेगा तो समाज की सोच बदलेगी. घरेलू हिंसा खत्म हो जाएगी. गलत चीज रुक सकेगीं. एक महिला में जिद से ही जुनून पैदा होता है। यदि महिला के हाथ में अर्थतंत्र दे दिया जाएं तो हमारे देश की जीडीपी 27 से लेकर 60त्न तक होगी।